# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

ब्लॉक–5, द्वितीय से पंचम तल
डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपु
E-mail ID– rajsmsa.asfe@rajasthan.gov.in smsa.asfe2021@gmail.com

क्रमांकः– रास्कूशिप / जय / AS&FE / 478 / Sports Grant दिशा–निर्देश / 2023–24 / 1840 दिनांकः– 13/6/2023

## स्पोर्ट्स ग्रान्ट दिशा–निर्देश 2023–24
## ( खेले भारत – खिले भारत )

खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेलने से व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा इससे शरीर के रक्त परिसंचरण में सहायता मिलती है, जो हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है" इसलिये शारीरिक विकास के लिए व्यायाम ज़रूरी है, जो हमें खेलों के माध्यम से प्राप्त होता है। खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल से पारस्परिक सौहार्द व टीम भावना जागृत होती है। व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए यह अनिवार्य है कि खेल और शिक्षा दोनों को ही बराबर का महत्व दिया जाये।

बच्चों के स्वस्थ एवं सुदृढ़ भविष्य के लिए खेलों के महत्व को समझते हुए समग्र शिक्षा वर्ष 2023–24 में "खेले भारत–खिले भारत" के तहत डाइस 2021–22 के अनुसार प्रारम्भिक एवं माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालयों को देय है, जो कि शिक्षा विभाग / पंचायती राज विभाग / केजीबीवी / संस्कृत शिक्षा के विद्यालयों / शिक्षाकर्मी बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालयों / समाज कल्याण विभाग के अधीन आते हैं, के लिये स्पोर्ट्स ग्रान्ट का प्रावधान किया गया है।

**शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों DO No. 17-3/2018-IS-5(Pt.1) दिनांक 24 दिसम्बर, 2018 के अनुसरण में इस राशि का उपयोग किया जाना है; के जारी विस्तृत निर्देश संलग्न हैं, जिनके अनुसार कार्यवाही की जानी है।**

प्रावधित राशि –

| डाइस 2021–22 के अनुसार विद्यालय की श्रेणी अनुसार प्रावधित राशि | | | |
|---|---|---|---|
| विद्यालय | संख्या | यूनिट कॉस्ट | कुल राशि लाखों में |
| Primary School | 33554 | 5,000/- | 1677.70000 |
| Upper Primary School | 19451 | 10,000/- | 1945.10000 |
| Secondary School | 3741 | 25,000/- | 935.25000 |
| Sr. Secondary School | 11798 | 25,000/- | 2949.50000 |
| **Total** | **68544** | | **7507.55000** |

1. ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों तथा शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में निम्नलिखित खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु खेल सामग्री का क्रय प्राथमिकता के साथ किया जाए –

| क्र.स. | ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के लिये | शहरी क्षेत्र की विद्यालयों के लिये |
|---|---|---|
| 1 | कबड्डी | कबड्डी |
| 2 | टेनिस बॉल क्रिकेट | टेनिस बॉल क्रिकेट |
| 3 | वालीबॉल | वालीबॉल |
| 4 | फुटबॉल | फुटबॉल |
| 5 | खो–खो | खो–खो |
| 6 | शूटिंगबॉल | बास्केटबॉल |
| 7 | रस्साकशी | एथलेटिक्स |

2. खेल अनुदान राशि के उपयोग हेतु दिशा–निर्देशः--
   - विद्यालयों द्वारा खेल अनुदान राशि का उपयोग आयु अनुरूप खेल सामग्री / उपकरण क्रय किये जाने में किया जाना है।
   - **एसएमसी / एसडीएमसी विद्यालयों में खेल सुविधाओं की उपलब्धता एवं विद्यालय तथा विद्यार्थियों की उपयोगिता अनुसार ही खेल सामग्री क्रय किया जाना सुनिश्चित करें।**

- जो खेल सामग्री सही हालत में उपलब्ध है, उसे पुनः क्रय नहीं करें।
- सूची की खेल सामग्री के अतिरिक्त विद्यालय में खेल सुविधाओं की उपलब्धता अनुसार विद्यालय एवं विद्यार्थियों के लिए उपयोगी अन्य खेल सामग्री भी क्रय की जा सकेगी।
- सूची में उल्लेखित खेल सामग्री से पृथक खेल सामग्री क्रय करने के लिए एसएमसी/एसडीएमसी को स्वीकृति आदेश जारी करना होगा।
- विद्यालयों में क्षेत्रीय एवं परम्परागत खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय स्तर पर खेल सामग्री एवं उपकरणों को क्रय भी किया जा सकेगा।
- निदेशालय प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा द्वारा राजकीय विद्यालयों के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में आयोजित होने वाले खेलों की खेल सामग्री को क्रय किये जाने हेतु खेल अनुदान राशि का उपयोग किया जा सकेगा।
- खेल अनुदान राशि द्वारा क्रय की गई खेल सामग्री एवं खेल उपकरणों का विद्यालय में खेल सामग्री/उपकरण स्टॉक रजिस्टर में रिकॉर्ड संधारित किया जायेगा।
- स्टॉक रजिस्टर में क्रियाशील सामग्री, मरम्मत योग्य सामग्री एवं खारिज योग्य सामग्री नाम से तीन श्रेणियों में खेल सामग्री/उपकरणों का रिकॉर्ड संधारित किया जायेगा।
- नवीन खेल सामग्री/उपकरण इस प्रकार क्रय की जायेगी, जिससे विद्यालय में खेल सामग्री/उपकरण का आवश्यक स्टॉक सदैव उपलब्ध रहे।
- विद्यालय के शारीरिक शिक्षक/ खेल प्रभारी शिक्षक द्वारा खेल सामग्री एवं खेल उपकरणों का स्टॉक रजिस्टर संधारित किया जायेगा तथा खेल सामग्री/उपकरणों एवं खेल सहायक सामग्री का रख-रखाव किया जायेगा।
- **राशि व्यय/उपयोग के उपरान्त अविलम्ब उपयोगिता प्रमाण पत्र परिषद को प्रेषित किये जायें।**

**शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित खेल सामग्री / उपकरणों की सूची ( कक्षा 1 से 5 ) (प्रावधित 5,000/-)**

| खेल सामग्री | उपयोग | कक्षा | सांकेतिक मूल्य (रू0) | संख्या | कुल लागत (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|
| प्लास्टिक क्रिकेट बॉल-साईज 2 | क्रिकेट में उपयोग | कक्षा 1-2 | 160 | 2 | 320 |
| लकड़ी का क्रिकेट बेट – आकार 4 | क्रिकेट में उपयोग | कक्षा 1-2 | 250 | 1 | 250 |
| क्रिकेट स्टम्प सैट | क्रिकेट में उपयोग | कक्षा 1-2 | 380 | 1 | 380 |
| सॉफ्ट बॉल (छोटी) | छोटे बच्चों के लिए फेंकना और पकड़ना, ड्रिबलिंग, किकिंग कौशल सिखाना | कक्षा 1-2 | 99 | 1 | 99 |
| टेनिस बॉल | क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाले बुनियादी कौशल को पकड़ने और फेंकने जैसे कौशल का निर्माण करता है | कक्षा 1-2 | 45 | 4 | 180 |
| प्लास्टिक बॉल | प्लास्टिक बॉल का उपयोग ज्यादातर प्रहार करने वाले खेलों में इस्तेमाल किया जाता है और हाथ से आँख का समन्वय विकसित करना | कक्षा 1-2 | 10 | 10 | 100 |
| पीयू हैण्ड स्टिच फुटबॉल– आकार 3 | फुटबॉल में उपयोग | कक्षा 1-2 | 300 | 1 | 300 |
| बास्केट बॉल | बॉस्केट बॉल में उपयोग | कक्षा 1-2 | 205 | 1 | 205 |
| रग्बी सॉफ्ट बॉल | छोटे बच्चों के लिए हाथ से आँख का समन्वय विकसित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है | कक्षा 1-2 | 135 | 1 | 135 |
| फ्रिज्बी | प्लास्टिक की प्लेट की आकृति का खिलौना, जो फैंक कर खेला जाता है। मनोरंजक खेलों के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। हाथ से आँख का समन्वय विकसित करना | कक्षा 1-2 | 75 | 1 | 75 |
| मल्टी कलर्ड हूला हूप्स | फिटनेस और समन्वय विकसित करना | कक्षा 1-2 | 110 | 3 | 330 |
| सोसर कोन | सभी खेल फुटबॉल, बास्केटबॉल, खो खो, कबड्डी आदि के लिए ग्राउंड मार्किंग का अच्छा विकल्प है। | कक्षा 1-2 | 10 | 10 | 100 |
| बीन बैग्स | जुगाली करना, उछालना, पकड़ना, फेंकना आदि गतिविधियां | कक्षा 1-2 | 30 | 4 | 120 |
| बीन बैगस –स्कॉर्फ | जुगाली करना, उछालना, पकड़ना आदि गतिविधियां | कक्षा 1-2 | 32 | 5 | 160 |
| 6'' स्टेप हर्डल | फुर्ती और कूदने/उछलने का अभ्यास करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है | कक्षा 1-2 | 65 | 3 | 195 |
| 12 फीट पैराशूट | बच्चों की भुजाओं की मजबूती, समन्वय तथा स्पेस की जानकारी के लिए | कक्षा 1-2 | 550 | 1 | 550 |
| फुट पम्प बॉस्केट बॉल– आकार 3 | फुटबॉल, बॉस्केट बॉल आदि का उपयोग करने के लिए | कक्षा 1-2 | 640 | 1 | 640 |

| खेल सामग्री | उपयोग | कक्षा | सांकेतिक मूल्य (रू0) | संख्या | कुल लागत (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|
| | प्रेरित करना | | | | |
| शॉट पुट (रबड) | शॉट पुट के लिए उपयोग | कक्षा 3–5 | 330 | 1 | 330 |
| डिस्कस (रबड) | डिस्कस थ्रो के लिए उपयोग | कक्षा 3–5 | 330 | 1 | 330 |
| फोम जैवलीन | बच्चों को जैवलीन फेंकने की सही तकनीकि सिखाने के लिए | कक्षा 3–5 | 150 | 1 | 150 |
| | कुल | | | | 4949 |

## शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित खेल सामग्री/उपकरणों की सूची (कक्षा 6–8) (प्रावधित 10,000/–)

| खेल सामग्री | उपयोग | कक्षा | सांकेतिक मूल्य (रू0) | संख्या | कुल लागत (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|
| शॉट पुट (रबड) | शॉट पुट के लिए उपयोग | कक्षा 6–8 | 330 | 1 | 330 |
| डिस्कस (रबड) | डिस्कस थ्रो के लिए उपयोग | कक्षा 6–8 | 330 | 1 | 330 |
| स्किपिंग रोप | स्किपिंग रोप में उपयोग | कक्षा 6–8 | 100 | 5 | 500 |
| लकडी का क्रिकेट बेट – आकार 4 | क्रिकेट में उपयोग | कक्षा 6–8 | 265 | 2 | 530 |
| टेनिस बॉल | क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाले बुनियादी कौशल को पकड़ने और फेंकने के लिए उपयोग | कक्षा 6–8 | 45 | 6 | 270 |
| पीयू वॉलीबॉल – आकार 4 | वॉलीबॉल में उपयोग | कक्षा 6–8 | 320 | 2 | 640 |
| वॉलीबॉल नेट | वॉलीबॉल में उपयोग | कक्षा 6–8 | 500 | 1 | 500 |
| हेण्डबॉल –आकार 1 (50–52 सेमी) | हैण्डबॉल में उपयोग | कक्षा 6–8 | 390 | 2 | 780 |
| थ्रो बॉल | थ्रोबॉल में उपयोग | कक्षा 6–8 | 375 | 2 | 750 |
| रग्बी बॉल | हाथ से आँख का समन्वय विकसित करने के लिए उपयोग | कक्षा 6–8 | 260 | 1 | 260 |
| बॉस्केट बॉल | बॉस्केट बॉल में उपयोग | कक्षा 6–8 | 370 | 1 | 370 |
| पीयू हैण्ड सिटच फुटबॉल – आकार 4 | फुटबॉल में उपयोग | कक्षा 6–8 | 425 | 2 | 850 |
| फ्रिज्बी | प्लास्टिक की प्लेट की आकृति का खिलौना, जो फैंक कर खेला जाता है। मनोरंजक खेलों के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। हाथ से आँख का समन्वय विकसित करना | कक्षा 6–8 | 75 | 2 | 150 |
| फुर्ती/चपलता की सीढ़ी | फुर्ती/चपलता हेतु उपयोग | कक्षा 6–8 | 240 | 1 | 240 |
| 6" स्टेप हर्डल | फुर्ती और कूदने/उछलने का अभ्यास करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है एवं लोकोमीटरर का कौशल विकसित करने के लिए | कक्षा 6–8 | 65 | 2 | 130 |
| 9" स्टेप हर्डल | फुर्ती और कूदने/उछलने का अभ्यास करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है एवं लोकोमीटरर का कौशल विकसित करने के लिए | कक्षा 6–8 | 74 | 3 | 222 |
| मार्किंग कोन 1 से 9 नंबर्स के साथ | बाउन्ड्रियों को मार्क व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को स्थापित करना | कक्षा 6–8 | 32 | 9 | 288 |
| मार्किंग कोन 12" | बाउन्ड्रियों को मार्क व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को स्थापित करना | कक्षा 6–8 | 44 | 4 | 176 |
| सोसर कोन | सभी खेल फुटबॉल, बास्केटबॉल, खो खो, कबड्डी आदि के लिए ग्राउंड मार्किंग का अच्छा विकल्प है। | कक्षा 6–8 | 10 | 20 | 200 |
| नायलोन बिब्स ग्रीन | नायलॉन बिब में पक्ष लोचदार होते हैं और विभिन्न आयु समूहों में उपयोग किए जा सकते हैं। मैच खेलने के दौरान टीमों की पहचान करने के लिए उपयोग किया जाता है | कक्षा 6–8 | 50 | 11 | 550 |
| फुट पम्प बॉस्केट बॉल– आकार 3 | फुटबॉल, बॉस्केट बॉल आदि का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना | कक्षा 6–8 | 640 | 1 | 640 |
| फस्ट एड किट | छोटी चोटों हेतु | कक्षा 6–8 | 1294 | 1 | 1294 |
| | कुल | | | | 10,000 |

## शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित खेल सामग्री / उपकरणों की सूची ( कक्षा 9 से 12 ) (प्रावधित 25,000/–)

| खेल सामग्री | उपयोग | कक्षा | सांकेतिक मूल्य (रू0) | संख्या | कुल लागत (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|
| स्किपिंग रोप | स्किपिंग रोप में उपयोग | कक्षा 9–12 | 100 | 6 | 600 |
| शॉट पुट (रबड) | शॉट पुट के लिए उपयोग | कक्षा 9–12 | 330 | 4 | 1320 |
| डिस्कस (रबड) | डिस्कस थ्रो के लिए उपयोग | कक्षा 9–12 | 330 | 4 | 1320 |
| बेडमिंटन रैकेट | बेडमिंटन में उपयोग हेतु। स्ट्रेकिंग स्कील व हाथ से आँख का समन्वय विकसित करना | कक्षा 9–12 | 500 | 6 | 3000 |
| बेडमिंटन शटल | बेडमिंटन में उपयोग हेतु | कक्षा 9–12 | 30 | 20 | 600 |
| लकडी का क्रिकेट बेट – आकार 4 | क्रिकेट में उपयोग | कक्षा 9–12 | 265 | 4 | 1060 |
| टेनिस बॉल | क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाले बुनियादी कौशल को पकड़ने और फेंकने के लिए उपयोग | कक्षा 9–12 | 45 | 20 | 900 |
| थ्रो बॉल | थ्रोबॉल में उपयोग | | 375 | 2 | 750 |
| पीयू वॉलीबॉल – आकार 4 | वॉलीबॉल में उपयोग | कक्षा 9–12 | 320 | 3 | 960 |
| वॉलीबॉल नेट | वॉलीबॉल में उपयोग | कक्षा 9–12 | 500 | 1 | 500 |
| हैण्डबॉल –आकार 1 (50–52 सेमी) | हैण्डबॉल में उपयोग | कक्षा 9–12 | 390 | 2 | 780 |

| खेल सामग्री | उपयोग | कक्षा | सांकेतिक मूल्य (रू0) | संख्या | कुल लागत (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|
| बॉस्केट बॉल | बॉस्केट बॉल में उपयोग | कक्षा 9–12 | 370 | 2 | 740 |
| रग्बी बॉल | हाथ से आँख का समन्वय विकसित करने के लिए उपयोग | कक्षा 9–12 | 260 | 2 | 520 |
| पीयू हैण्ड स्टिच फुटबॉल –आकार 5 | फुटबॉल में उपयोग | कक्षा 9–12 | 425 | 4 | 1700 |
| पॉप अप फुटबॉल गोल्स पोस्ट बिग | पोर्टेबल फुटबॉल गोल्स पोस्ट फॉर स्मॉल साईडेड गेम्स | कक्षा 9–12 | 625 | 2 | 1250 |
| फुटबॉल गोल्स पोस्ट 6ft. x 3.5ft. | पोर्टेबल फुटबॉल गोल्स पोस्ट फॉर स्मॉल साईडेड गेम्स विथ गोल किपर्स | कक्षा 9–12 | 1600 | 2 | 3200 |
| फुट पम्प | फुटबॉल, बॉस्केट बॉल आदि का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना | कक्षा 9–12 | 640 | 2 | 1280 |
| फस्ट एड किट | छोटी चोटों हेतु | कक्षा 9–12 | 1300 | 1 | 1300 |
| फ्रिज्बी | प्लास्टिक की प्लेट की आकृति का खिलौना, जो फेंक कर खेला जाता है। मनोरंजक खेलों के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। हाथ से आँख का समन्वय विकसित करना | कक्षा 9–12 | 75 | 2 | 150 |
| सोसर कोन | सभी खेल फुटबॉल, बास्केटबॉल, खो खो, कबड्डी आदि के लिए ग्राउंड मार्किंग का अच्छा विकल्प है। | कक्षा 9–12 | 10 | 40 | 400 |
| फुर्ती/चपलता की सीढ़ी | फुर्ती/चपलता हेतु उपयोग | कक्षा 9–12 | 240 | 2 | 480 |
| 9" स्टेप हर्डल | फुर्ती और कूदने/उछलने का अभ्यास करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है एवं लोकोमीटरर का कौशल विकसित करने के लिए | कक्षा 9–12 | 74 | 6 | 444 |
| 12" स्टेप हर्डल | फुर्ती और कूदने/उछलने का अभ्यास करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है एवं लोकोमीटरर का कौशल विकसित करने के लिए | कक्षा 9–12 | 80 | 6 | 480 |
| रिलेय बेटोन्स | रिलेय दौड़ में उपयोग | | 74 | 3 | 222 |
| मार्किंग कोन 1 से 9 नंबर्स के साथ | बाउन्ड्रियों को मार्क व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को स्थापित करना | | 32 | 9 | 288 |
| मार्किंग कोन 12" | बाउन्ड्रियों को मार्क व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को स्थापित करना | | 44 | 4 | 176 |
| नायलोन बिब्स ग्रीन | नायलॉन बिब में पक्ष लोचदार होते हैं और विभिन्न आयु समूहों में उपयोग किए जा सकते हैं। मैच खेलने के दौरान टीमों की पहचान करने के लिए उपयोग किया जाता है | | 50 | 11 | 550 |
| | कुल | | | | **24970** |

3. कक्षा अनुसार सुझावात्मक खेल गतिविधियाँ:–

## :: प्राथमिक वर्ग ::

I- खेल गतिविधि अनुसार कौशल विकास –

- हस्त कौशल (कैचिंग, थ्रोईंग, किकिंग आदि)
- शरीर प्रबंधन कौशल (बैलेंस और स्थिरता)
- लोकोमोटर कौशल (रनिंग, जंपिंग, होपिंग, गैलपिंग आदि)

II- आनंद दायक खेल –

- बॉल बैडमिंटन, हैंडबॉल, हॉकी, कराटे, कुश्ती, किक बॉक्सिंग, योगा।
- व्यक्तिगत खेल (जैसे– स्केटिंग, रस्सी स्किपिंग, जूडो, ताइक्वांडो, वुशु, किक–बॉक्सिंग)
- सामुहिक खेल
  - ➤ आक्रमण के खेल (जैसे– बास्केटबॉल, कबड्डी, फुटबॉल)
  - ➤ रैली गेम्स (जैसे– टेनिस, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, स्क्वॉश, बॉलीबॉल)
  - ➤ इनिंग गेम्स (जैसे– क्रिकेट, खो–खो, राउंडर्स, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, स्टूलबॉल)
  - ➤ पारंपरिक भारतीय खेल
  - ➤ ओलंपिक में शामिल खेल
  - ➤ योगा (आसन, प्राणायाम)
  - ➤ पैराओलंपिक में शामिल खेल

III- पारम्परिक भारतीय स्वदेशी खेल –

- कबड्डी
- खो–खो
- घेरा रोलिंग (घेरा/टायर रोलिंग)
- आंख मिचौली
- पिट्ठू
- रस्साकशी
- बोरा दौड़
- कन्चे (कौडी)

IV- अन्य क्षेत्रीय खेल –

- अट्या पट्या
- लंगड़ी
- सितोलिया
- कैरम
- जूडो
- खो–खो
- मलखंब
- रोलर स्केटिंग
- शूटिंग बॉल
- सॉफ्ट टेनिस
- स्क्वॉश
- रस्साकशी
- योगा
- लूडो

मुख्यधारा के खेल (एथेलेटिक्स के अलावा, जिमनास्टिक्स, तैराकी) को तीन व्यापक श्रेणियों अर्थात

प्रादेशिक, नेट / वॉल गेम एवं क्षेत्ररक्षक में विभाजित किया जा सकता है।

V- **प्रादेशिक खेल –**

प्रादेशिक खेल वे हैं, जिनमें दो टीमें एक ऐसे क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करती हैं जो आक्रामक और रक्षात्मक खेलने की संभावनाएं प्रदान करती हैं। लक्ष्य एक प्रतिद्वंद्वी के क्षेत्र को स्कोर करने के लिए आक्रमण करना है। स्कोरिंग एक विशेष लक्ष्य के लिए प्रोजेक्टिंग एवं ऑब्जेक्ट (जैसे एक गेंद) द्वारा हासिल की जाती है, गेंद को लक्ष्य क्षेत्र में सटीक रूप से शूट किया जाता है या गेंद को एक खुले सिरे वाले लक्ष्य (जैसे एक रेखा के पार) में स्थानांतरित किया जाता है। जो निम्न है:–

- बास्केटबॉल
- हॉकी
- रग्बी
- हैंडबाल
- नेटबॉल
- फुटबॉल

VI- **नेट / वॉल गेम –**

नेट / वॉल गेम वे हैं जिनमें दो खिलाड़ी / टीम एक क्षेत्र के भीतर प्रतिस्पर्धा करते है। इसमें नेट को निर्धारित ऊंचाई पर रखा जाता है। प्रतिद्वंदी एक सफल वापसी करने में असमर्थ होता है तो दूसरे दल को स्कोर प्राप्त होता है, जो निम्न है :–

- बैडमिंटन
- टेनिस
- स्क्वॉश
- टेबल टेनिस
- वॉलीबॉल

VII- **क्षेत्र–रक्षण खेल –**

क्षेत्ररक्षण खेल वे हैं, जिनमें दो टीमें एक ऐसे क्षेत्र के भीतर प्रतिस्पर्धा करती हैं जो आक्रामक और रक्षात्मक क्रियाओं के लिए संभावनाएं प्रदान करती हैं। बल्लेबाजी टीम के लिए लक्ष्य एक वस्तु (गेंद) पर प्रहार करना होता है। क्षेत्र रक्षकों से बचकर व वस्तु (गेंद) सीमा रेखा के बाहर हो जाये तब स्कोरिंग हासिल होती है । क्षेत्ररक्षण टीम का लक्ष्य बल्लेबाजी टीम को रन बनाने से रोकना है।

**:: उच्च प्राथमिक वर्ग ::**

सॉफ्ट टेनिस, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, साइकिलिंग, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, कराटे, खो–खो, नेटबॉल, लॉन टेनिस, रग्बी, सॉफ्टबॉल, स्क्वॉश, टेबल–टेनिस, रस्साकशी, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, क्रिकेट, नेटबॉल, योगा, आदि।

**:: माध्यमिक और उच्च माध्यमिक वर्ग ::**

सॉफ्ट टेनिस, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, बेसबॉल, बास्केटबॉल, बिलियर्ड्स और स्नूकर, बॉडी बिल्डिंग, बॉक्सिंग, शतरंज, साइकिलिंग, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, कराटे, खो–खो, नेटबॉल मल्लखंब, लॉन टेनिस, पैरा स्पोर्ट, रोलर स्केटिंग, रग्बी, स्कूल गेम्स, सॉफ्टबॉल, स्क्वॉश, टेबल–टेनिस, वॉलीबॉल, वेट–लिफ्टिंग, कुश्ती, क्रिकेट, किक बॉक्सिंग, योगा, आदि।

4. **खेल सामग्री एवं खेल उपकरणों के रख–रखाव एवं उपयोग हेतु दिशा–निर्देशः–**

विद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं की सफलता उनके उपयोग पर निर्भर करती है। इसके लिए खेल सामग्री एवं उपकरणों का उपयोग किये जाने की स्थिति में आवश्यक है। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं के लिए निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दिया जाएः–

- खेल मैदानों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए, नियमित रखरखाव करना आवश्यक है।
- पिच से पत्तियों, पत्थरों, कंकड़, फ्लेश, तेज वस्तुओं के टुकड़े निकालें।
- प्रतिदिन फर्श को स्वाइप करें; अगर यह एक सीमेंट का फर्श है।
- खेल मैदान में केवल अनुशंसित फुटवियर की अनुमति दे।
- खेल मैदान और आस–पास परिवेश की स्वच्छता बनाए रखें।
- उपकरणों की स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखें।
- समय–समय पर गोल पोस्ट, वॉलीबॉल पोल, बास्केटबॉल पोस्ट आदि के रखरखाव की जांच करें।
- पर्याप्त डस्टबिन रखें।
- वर्ष में कम से कम एक बार विशेष रखरखाव।
- जमीन का स्तर और ढलान ऐसा होना चाहिए जिसमें जल जमाव न हो।
- ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत और जांच।
- पेशेवर मशीनरी के साथ विशेष ब्रशिंग (जैसे सीमेंट वाले फर्श के लिए)।
- सभी कृत्रिम उपकरणों के रख–रखाव के निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।
- यदि खेलने का स्थान पक्का है तो उसकी नियमित सफाई की जाए।
- खेल के दौरान स्वीकृत जूतों का उपयोग किया जाए।
- खेल सामग्री / उपकरणों की नियमित साफ–सफाई एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।
- खेल गतिविधियों के दौरान उचित संख्या में कचरा पात्रों की व्यवस्था की जाए।
- खेल मैदान का लेवल एवं ढाल इस प्रकार होना चाहिए, जिससे जल भराव नहीं हो।

- खेल मैदान के आस–पास की जल निकासी व्यवस्था की जांच कर उसकी वर्ष में कम से कम एकबार आवश्यकतानुसार मरम्मत कराई जाए।

✓ **विभिन्न प्रकार की गेंदो के लिये मानक वायुदाब**

➢ फुटबॉल 0.6.1.1 वायुदाब (600.1,100g/cm2)

➢ बास्केटबॉल 3.17-4.0 वायुदाब (3170-4000g/cm2)

➢ वॉलीबॉल 0.30-0.325 वायुदाब (300-325g/cm2)

✓ **गेंदो का उपयोग किए जाने से पूर्व ध्यान देने योग्य बातें**

➢ गेंदो में हवा भरकर वायुदाब सही करना।

➢ गेंद में हवा भरने से पूर्व सुई को गीला करना।

➢ गेंद में धीरे–धीरे हवा भरने के साथ गेंद को दबाना।

➢ गेंद में एकसाथ तेजी से ज्यादा हवा भरने पर गेंद के अन्दर की ट्यूब/ब्लैडर खराब हो जाता है।

➢ गेंद में मशीन से हवा नहीं भरें क्योंकि इससे ज्यादा हवा भर जाने की संभावना बनी रहती है।

✓ **गेंदो का उपयोग किये जाने के पश्चात ध्यान देने योग्य बातें**

➢ उपयोग पश्चात गेंद में से कुछ हवा निकाल देनी चाहिए, जिससे गेंद के अन्दर का वायुदाब कम हो जाए। हवा का दबाव कम नहीं करने पर गेंद का आकार एवं आकृति विरूपित हो सकती है।

➢ गेंद को पहले गीले एवं बाद में सूखे कपड़े से पोंछ कर साफ किया जाए।

✓ **गेंदो को सुरक्षित रखने हेतु ध्यान देने योग्य बातें**

➢ गेंद को सीधे सूर्य की रोशनी में नहीं रखना चाहिए, ना ही गर्म स्थान पर रखना चाहिए।

➢ गेंद को हवादार स्थान पर रखना चाहिए एवं नियमित रूप से हवा भरकर खेलने हेतु उपयोग किया जाए।

➢ खेल सामग्री एवं खेल उपकरणों का उपयोग नहीं होने पर भी यह आवश्यक है कि उनकी नियमित साफ–सफाई एवं रख–रखाव किया जाए।

5. <u>खेल मैदान में सुरक्षा हेतु दिशा–निर्देशः–</u>

- खेल मैदान में सुरक्षा की दृष्टि से अच्छी खेल सामग्री एवं खेल उपकरणों का उपयोग किया जाना, खिलाड़ियों को खेल के नियमों की जानकारी होना एवं खेल गतिविधियों को सुनियोजित प्रकार से योजना बनाकर संचालित किया जाना आवश्यक है। छात्र–छात्राओं को खेलने का सुरक्षित वातावरण देने के लिए खेल के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं एवं परिस्थितियाँ जिनके कारण दुर्घटना होना संभव है, का रिकॉर्ड रखना एवं खेल गतिविधि संचालित होने से पहले उपचारात्मक उपाय किया जाना आवश्यक है। इन सुरक्षा नियमों की क्रियान्विति से खेल गतिविधियाँ सुरक्षित वातावरण में संचालित हो सकेंगी एवं खेल के दौरान छात्र–छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

6. मॉनीटरिंग –

- विद्यालयों द्वारा स्पोर्टस ग्रान्ट की राशि का उपयोग नियमानुसार किये जाने एवं सामग्री की गुणवत्ता; लेखा एवं वित्तीय नियमानुसार क्रय प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुये प्रत्येक सीआरसी / यूसीईईओ अपने अधीनस्थ विद्यालयों की नियमित मॉनीटरिंग करेंगे।
- प्रत्येक ब्लॉक कार्यालय स्तर पर तीन सदस्य यथा सीबीईओ, एसीबीईओ, लेखा अधिकारी की समिति का गठन कर सीआरसी/यूसीईईओ द्वारा की जा रही मॉनीटरिंग एवं विद्यालयों द्वारा क्रय की जा रही खेल सामग्री को लेखा एवं वित्तीय नियमानुसार क्रय प्रक्रिया, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुये नियमित रूप से मॉनीटरिंग करेंगे।
- जिला कार्यालय स्तर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक एवं सम्बन्धित सहायक परियोजना समन्वयक/कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी संयुक्त रूप से विद्यालयों द्वारा लेखा एवं वित्तीय नियमानुसार क्रय प्रक्रिया अपनाते हुये क्रय की जा रही खेल सामग्री की कार्यवाही की विद्यालय स्तर एवं ब्लॉक कार्यालय स्तर के अधिकारियों द्वारा की जा रही मॉनीटरिंग की समीक्षा करेंगे।
- किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही विभाग द्वारा अमल में लायी जायेगी। अतः खेल सामग्री की क्रय प्रक्रिया को पारदर्शी बनाते हुये लेखा नियमानुसार कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण सामग्री क्रय की जाये।

7. <u>अन्य</u> –

SV26

# Costing Sheet - Sports Grant (Elementary) 2023-24

| S.No. | District | Primary School | Primary School @ Rs. 5000 | Upper Primary Schools | Upper Primary Schools @ Rs. 10000 | Total School | Districtwise Total Fin. (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G | H |
| 1 | AJMER | 674 | 33.70000 | 652 | 65.2000 | 1326 | 98.9000 |
| 2 | ALWAR | 1000 | 50.00000 | 1028 | 102.8000 | 2028 | 152.8000 |
| 3 | BANSWARA | 2252 | 112.60000 | 488 | 48.8000 | 2740 | 161.4000 |
| 4 | BARAN | 873 | 43.65000 | 410 | 41.0000 | 1283 | 84.6500 |
| 5 | BARMER | 2787 | 139.35000 | 1289 | 128.9000 | 4076 | 268.2500 |
| 6 | BHARATPUR | 637 | 31.85000 | 576 | 57.6000 | 1213 | 89.4500 |
| 7 | BHILWARA | 1380 | 69.00000 | 926 | 92.6000 | 2306 | 161.6000 |
| 8 | BIKANER | 1115 | 55.75000 | 460 | 46.0000 | 1575 | 101.7500 |
| 9 | BUNDI | 608 | 30.40000 | 374 | 37.4000 | 982 | 67.8000 |
| 10 | CHITTAURGARH | 773 | 38.65000 | 634 | 63.4000 | 1407 | 102.0500 |
| 11 | CHURU | 376 | 18.80000 | 517 | 51.7000 | 893 | 70.5000 |
| 12 | DAUSA | 728 | 36.40000 | 450 | 45.0000 | 1178 | 81.4000 |
| 13 | DHAULPUR | 543 | 27.15000 | 305 | 30.5000 | 848 | 57.6500 |
| 14 | DUNGARPUR | 1827 | 91.35000 | 449 | 44.9000 | 2276 | 136.2500 |
| 15 | GANGANAGAR | 878 | 43.90000 | 577 | 57.7000 | 1455 | 101.6000 |
| 16 | HANUMANGARH | 316 | 15.80000 | 411 | 41.1000 | 727 | 56.9000 |
| 17 | JAIPUR | 1571 | 78.55000 | 1205 | 120.5000 | 2776 | 199.0500 |
| 18 | JAISALMER | 777 | 38.85000 | 318 | 31.8000 | 1095 | 70.6500 |
| 19 | JALOR | 937 | 46.85000 | 538 | 53.8000 | 1475 | 100.6500 |
| 20 | JHALAWAR | 756 | 37.80000 | 602 | 60.2000 | 1358 | 98.0000 |
| 21 | JHUNJHUNU | 495 | 24.75000 | 514 | 51.4000 | 1009 | 76.1500 |
| 22 | JODHPUR | 1961 | 98.05000 | 853 | 85.3000 | 2814 | 183.3500 |
| 23 | KARAULI | 729 | 36.45000 | 387 | 38.7000 | 1116 | 75.1500 |
| 24 | KOTA | 366 | 18.30000 | 406 | 40.6000 | 772 | 58.9000 |
| 25 | NAGAUR | 1340 | 67.00000 | 935 | 93.5000 | 2275 | 160.5000 |
| 26 | PALI | 623 | 31.15000 | 710 | 71.0000 | 1333 | 102.1500 |
| 27 | PRATAPGARH (RAJ | 1197 | 59.85000 | 312 | 31.2000 | 1509 | 91.0500 |
| 28 | RAJSAMAND | 875 | 43.75000 | 543 | 54.3000 | 1418 | 98.0500 |
| 29 | SAWAI MADHOPUI | 459 | 22.95000 | 320 | 32.0000 | 779 | 54.9500 |
| 30 | SIKAR | 660 | 33.00000 | 687 | 68.7000 | 1347 | 101.7000 |
| 31 | SIROHI | 521 | 26.05000 | 241 | 24.1000 | 762 | 50.1500 |
| 32 | TONK | 665 | 33.25000 | 505 | 50.5000 | 1170 | 83.7500 |
| 33 | UDAIPUR | 2855 | 142.75000 | 829 | 82.9000 | 3684 | 225.6500 |
| | TOTAL | 33554 | 1677.70000 | 19451 | 1945.1000 | 53005 | 3622.8000 |

# Costing Sheet - Sports Grant (Secondary) 2023-24

| S.No. | District | Secondary Schools | Secondary Schools @25000 | Sr. Secondary Schools | Senior Secondary Schools @25000 | Total School | Districtwise Total Fin. (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G | H |
| 1 | AJMER | 151 | 37.7500 | 383 | 95.7500 | 534 | 133.5000 |
| 2 | ALWAR | 191 | 47.7500 | 614 | 153.5000 | 805 | 201.2500 |
| 3 | BANSWARA | 84 | 21.0000 | 378 | 94.5000 | 462 | 115.5000 |
| 4 | BARAN | 48 | 12.0000 | 264 | 66.0000 | 312 | 78.0000 |
| 5 | BARMER | 203 | 50.7500 | 525 | 131.2500 | 728 | 182.0000 |
| 6 | BHARATPUR | 123 | 30.7500 | 437 | 109.2500 | 560 | 140.0000 |
| 7 | BHILWARA | 123 | 30.7500 | 458 | 114.5000 | 581 | 145.2500 |
| 8 | BIKANER | 114 | 28.5000 | 341 | 85.2500 | 455 | 113.7500 |
| 9 | BUNDI | 65 | 16.2500 | 216 | 54.0000 | 281 | 70.2500 |
| 10 | CHITTAURGARH | 78 | 19.5000 | 335 | 83.7500 | 413 | 103.2500 |
| 11 | CHURU | 183 | 45.7500 | 336 | 84.0000 | 519 | 129.7500 |
| 12 | DAUSA | 99 | 24.7500 | 290 | 72.5000 | 389 | 97.2500 |
| 13 | DHAULPUR | 96 | 24.0000 | 195 | 48.7500 | 291 | 72.7500 |
| 14 | DUNGARPUR | 71 | 17.7500 | 335 | 83.7500 | 406 | 101.5000 |
| 15 | GANGANAGAR | 103 | 25.7500 | 387 | 96.7500 | 490 | 122.5000 |

SN2

# Costing Sheet - Sports Grant (Secondary) 2023-24

| S.No. | District | Secondary Schools | Secondary Schools @25000 | Sr. Secondary Schools | Senior Secondary Schools @25000 | Total School | Districtwise Total Fin. (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G | H |
| 16 | HANUMANGARH | 72 | 18.0000 | 297 | 74.2500 | 369 | 92.2500 |
| 17 | JAIPUR | 271 | 67.7500 | 724 | 181.0000 | 995 | 248.7500 |
| 18 | JAISALMER | 42 | 10.5000 | 156 | 39.0000 | 198 | 49.5000 |
| 19 | JALOR | 89 | 22.2500 | 309 | 77.2500 | 398 | 99.5000 |
| 20 | JHALAWAR | 40 | 10.0000 | 290 | 72.5000 | 330 | 82.5000 |
| 21 | JHUNJHUNU | 165 | 41.2500 | 375 | 93.7500 | 540 | 135.0000 |
| 22 | JODHPUR | 182 | 45.5000 | 555 | 138.7500 | 737 | 184.2500 |
| 23 | KARAULI | 73 | 18.2500 | 254 | 63.5000 | 327 | 81.7500 |
| 24 | KOTA | 82 | 20.5000 | 241 | 60.2500 | 323 | 80.7500 |
| 25 | NAGAUR | 217 | 54.2500 | 551 | 137.7500 | 768 | 192.0000 |
| 26 | PALI | 131 | 32.7500 | 374 | 93.5000 | 505 | 126.2500 |
| 27 | PRATAPGARH (R. | 35 | 8.7500 | 179 | 44.7500 | 214 | 53.5000 |
| 28 | RAJSAMAND | 55 | 13.7500 | 255 | 63.7500 | 310 | 77.5000 |
| 29 | SAWAI MADHOP | 72 | 18.0000 | 242 | 60.5000 | 314 | 78.5000 |
| 30 | SIKAR | 201 | 50.2500 | 446 | 111.5000 | 647 | 161.7500 |
| 31 | SIROHI | 51 | 12.7500 | 189 | 47.2500 | 240 | 60.0000 |
| 32 | TONK | 68 | 17.0000 | 276 | 69.0000 | 344 | 86.0000 |
| 33 | UDAIPUR | 163 | 40.7500 | 591 | 147.7500 | 754 | 188.5000 |
| | TOTAL | 3741 | 935.2500 | 11798 | 2949.5000 | 15539 | 3884.7500 |

( डॉ० मोहन लाल यादव )
आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांकः– रास्कूशिप/जय/वै.शि./स्पोर्टस्/दिशा–निर्देश/2023–24/ 1840 दिनांकः– 13/6/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ :–

1. विशिष्ठ सहायक, शिक्षामंत्री कार्यालय, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. विशिष्ठ सहायक, राज्य शिक्षामंत्री कार्यालय, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. निजी सचिव, शासन सचिव, खेल विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. आयुक्त, पंचायती राज विभाग, पंचायती राज विभाग, सचिवालय, जयपुर।
6. निजी सचिव, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, राज0 स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. निदेशक, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर को पत्र प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त दिशा निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करवायें।
8. निदेशक, निदेशालय संस्कृत शिक्षा, शिक्षा संकुल ब्लॉक 6, जयपुर।
9. अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, (प्रथम/द्वितीय), राज0 स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
10. वित्तीय सलाहकार, राज0 स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
11. समस्त उपायुक्त, राज0 स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
12. समस्त जिला प्रभारी अधिकारी, राज0 स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
13. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
14. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
15. समस्त पीईईओ / यूसीईईओ
16. सचिव, एसएमसी/एसडीएमसी समस्त राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय।
17. रक्षित पत्रावली।